





| S.N | Tools | Descriptions |
|---|---|---|
| 1 | Marquee Tool<br> | Marquee Tool चार प्रकार के होते हैं...<br>(i) Rectangular Marqee Tool: इससे आप आयतकार रेखा तैयार कर सकते हैं इसके लिए आप कीबोर्ड में Shift बटन दबाकर Mouse के जरिये अपने अनुसार Drag कर सकते हैं<br><br>(ii) Elliptical Marquee Tool- इससे आप अंडाकार जैसा Shape Draw कर सकते हैं, इसके लिए आप कीबोर्ड में Shift बटन दबाकर Mouse के जरिये Drad करें \|<br><br>(iii) Single Row marquee Tool- ये फोटोशॉप के अन्दर एक ऐसा टूल होता है जो की किसी भी Image या Particular Area के दायें और बाएँ से किसी एक पंक्ति को सेलेक्ट या एक पतली रेखा Draw करता है और हाँ आप चाहें तो इस पतली लाइन को Strok वाले ऑप्शन में जाकर इसे और मोटा कर सकते हैं...<br><br>(iv) Single Colomn Marqueee Tool- ये फोटोशॉप के अन्दर एक ऐसा टूल होता है जो की किसी भी Image या Particular Area के ऊपर या निचे से किसी एक पंक्ति को सेलेक्ट या एक पतली रेखा Draw करता है \| |
| 2 | Lasso Tool<br> | Lasso Tool की मदद से आप किसी ऑब्जेक्ट के चारों ओर एक Freeform रूपरेखा तैयार कर सकते हैं यानी आप इसके जरिये किसी भी Image या किसी Particular Area को मनचाहा Select कर सकते हैं, जो आप Select करना चाहते हैं \| |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Polygonal Lasso Tool<br> | ये भी एक Select करने का ही Tool है मगर ये किसी भी Image या Particualr area के किनारे-किनारे Polygonal तरीके से Select करता है वो भी क्लिक करने के बाद अर्थात अगर आप किसी image या अन्य चीजों को सेलेक्ट करना चाहते हैं तो सबसे पहले आपको वहाँ पर क्लिक करना होगा जहाँ से आप सेलेक्ट करने की शुरुआत करना चाहते हैं, उसके बाद आपको वहाँ पर क्लिक पर करना है जहाँ तक आप सेलेक्ट करना चाहते हैं, इसी तरह से आपको बारी-बारी से करते जाना है जबतक कि आपका पूरा area सेलेक्ट ना हो जाए जितना आप करना चाहते थें... |
| 4 | Magnetic Lasso Tool<br> | ये भी एक सेलेक्ट करने का ही टूल होता है मगर ये Lasso और Polygonal Tool से एकदम अलग है \| जब आप फोटोशॉप के अन्दर Magnetic lasso Tool सेलेक्ट करते हैं और किसी भी Image को सेलेक्ट करते हैं तो ये चारो ओर एक जैसे Color को Automatic सेलेक्ट करते जाता है सिर्फ आपको Mouse को Move यानी खिसकाते जाना है... |
| 5 | Crop Tool<br> | इस टूल की मदद से आप किसी भी Particular Area या Image को काट सकते हैं पर हाँ, इसके लिए चाहे तो आप इस टूल को सेलेक्ट करने के तुरंत बाद इसकी Height और Width का चयन कर सकते हैं जो कि इस टूल को सेलेक्ट करने के बाद ऊपर के Properties Bar में ये ऑप्शन दिखाई देगा... |
| 6 | Magic Wand Tool<br> | इसके नाम से ही पता चल रहा है की ये टूल कोई जादू करने वाला है \| जी हाँ, आप इस टूल से अगर किसी भी ऑब्जेक्ट को सेलेक्ट करते हैं तो ये टूल एक ही बार में समान रंगों को सेलेक्ट करेगा जो की ये काफी जादुई का काम है अर्थात अगर आपके Image का बैकग्राउंड एक ही color का है तो इस टूल की मदद से आप बैकग्राउंड को एक ही बार में डिलीट के सकते हैं क्योंकि ये एक-जैसे कलर को सेलेक्ट करता है... |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 7 | Slice Tool   | Actual में इस टूल का यूज एक image को कई भागों में टुकड़े करने के लिए किया जाता है आप इसका इस्तेमाल Web Page के लिए कर सकते हैं क्योंकि जब किसी भी im age को इस टूल की मदद से टुकड़े करेंगे तो आपको इसे Save करते समय Web Page वाले ऑप्शन को Choose करना होगा। |
| 8 | Slice Select Tool   | इसके जरिये आप Slice tool के द्वारा टुकड़े की गयी image को आप move, select या छोटा-बड़ा कर सकते हैं। |
| 9 | Healing Brush Tool    | ये बहुत ही कमाल का टूल है इसकी मदद से आप उन क्षेत्रों में पेंटिंग कर सकते हैं जहाँ पर आपको लगे की यहाँ पर इस color की जरुरत है और ये color मैं कहाँ से और कैसे लाऊं जो एकदम ऐसा ही color हो तो ऐसे में आप इस टूल को सेलेक्ट करें और कीबोर्ड में Alt दबाकर उस area पर जाकर क्लिक करें जहाँ से आपको वो कलर को चुराना है उसके बाद जहाँ पर उसे यूज करना चाहते हैं वहाँ पर जाकर उसे पेंट की तरह यूज कर सकते हैं। <br><br> उदाहरण:- <br> (i) किसी के बाल अगर काला नहीं है तो इसकी मदद से आप काला कर सकते हैं <br> (ii) अगर किसी दूसरे आदमी के कपड़े का हु-बहु कलर किसी और जगह यूज करना चाहते हैं तो आप इस टूल का इस्तेमाल कर सकते हैं। <br> (iii) आप Face को साफ करने के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं... |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | Patch Tool<br> | फोटोशॉप के अन्दर इस टूल का इस्तेमाल हमलोग तब करते हैं जब हमें ये लगता है की इस Image में यहाँ पर कुछ मरम्मत की जरुरत है, मतलब मान लीजिये की किसी व्यक्ति के गाल में लेफ्ट साइड तरफ अच्छी दिख रही है और राईट साइड में अच्छी नहीं दिख रही है तो ऐसे में आप राईट साइड वाली गाल को लेफ्ट साइड जैसी करना चाहेंगे तो इसी के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है \| इसके लिए आप सबसे पहले इस टूल को सेलेक्ट करें उसके बाद Alt दबाकर उस भाग को जाकर सेलेक्ट करें जो भाग अच्छा नहीं है उसके बाद उस भाग पर लेजाकर इसे छोड़ दें जो भाग अच्छा है, तो Finally आप देखेंगे की दोनों तरफ एक जैसा हो जायेगा \|<br>नोट:- इसका इस्तेमाल ज्यादातर Face को साफ-सुथरा करने के लिए किया जाता है \| अगर फेस में ज्यादा पिम्पल्स है या आधी फेस अच्छी दिख रही है और आधी अच्छी नहीं दिख रही है तो इस टूल की मदद से आप इसे manage कर सकते हैं और फेस को ज्यादा खुबशुरत बना सकते हैं \| इसके अलावा भी कई चीजों में इसका इस्तेमाल किया जाता है \| |
| 11 | Brush Tool<br> | आप ये समझ लो की Actual में ये Brush ही है, क्योंकि यह पूरा brush जैसा ही वर्क करता है \| आप किसी भी color को choose करके कहीं पर भी पेंटिंग का काम कर सकते हैं \| |
| 12 | Pencil Tool<br> | Brush Tool से पेंटिंग करने पर ज्यादा Highlight नहीं दिखती है उसकी किनारें हमेशा दिखाई देती रहती है जो की थोड़ा भूरा-भूरा टाइप का दिखता है \| मगर पेंसिल टूल से पेंटिंग का काम करने पर ये ज्यादा Highlight दिखती है आप जहाँ से पेंटिंग करना शुरु करेंगे वहाँ से लेकर जहाँ तक आप पेंटिंग करेंगे वहाँ तक पूरा Area Dark दिखेगा मगर इतना हाईलाइट Brush टूल से नहीं होता है |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | Clone Stump Tool  | इसके नाम से ही काम का पता चल रहा है कि इस टूल की मदद से हम क्या कर सकते हैं? जी हाँ, आप इस टूल की मदद से किसी भी Image को Clone यानी जुड़वा बना सकते हैं मेरे कहने का मतलब अगर आप किसी के आँख को Select कर लेंगे तो उसके बाद जितनी आँख बनाना चाहेंगे उतनी आँख आप बना सकते हैं ध्यान रहे की जिसको भी आप Clone बनाना चाहते हैं उसे आपको Alt प्रेस करके सेलेक्ट करना है उसके बाद Brush की तरह यूज करना है \|<br><br>नोट:- आप चाहे तो एक आदमी के आँख, कान, हाथ या पैर को सेलेक्ट करके उसी आदमी में ही 10 या उससे अधिक आँख, कान, हाथ या पैर और लगा सकते हैं \| एवं किसी दूसरे का आँख, कान, नाक, हाथ या पैर इत्यादि किसी और में लगा सकते हैं \|<br>अगर किसी का आँख, नाक, कान इत्यादि नहीं है तो इस टूल की मदद से आप लगा सकते हैं \| |
| 14 | Pattern Stamp Tool  | ये भी एक तरह का पेंटिंग टूल है मगर ये Pattern Painting करता है आप जब इस टूल को Select करेंगे और उसके बाद जब आप पेंसिल की तरह घुमायेंगे तो ये पैटर्न की तरह पेंटिंग करेगा आप चाहे तो पैटर्न की स्टाइल बदल सकते हैं इसके लिए आप ऊपर के Properties Bar में दिख रहे Pattern वाले ऑप्शन पर क्लीक करना है \| |
| 15 | History Brush Tool  | फोटोशॉप में मुझे ये टूल काफी पसंद है क्योंकि इससे हम अपने किसी भी फोटो या अन्य चीजों को फिर से Original प्राप्त कर सकते हैं अर्थात अगर आप किसी फोटो को एडिट कर देते हैं और आप उस फोटो में कुछ गड़बड़ कर देतें हैं या गलती से फोटो में ज्यादा एडिटिंग कर देतें जो आप नहीं चाहते थें तो इस टूल की मदद से आप दूबारा Original की तरह ला सकते हैं |